# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

### (News Clipping)

**19 जुलाई 2020**

# गांवों के विकास से ही रुकेगा पलायनः जेएम

रुड़की | हमारे संवाददाता

**वेबिनार**

- आईआईटी रुड़की में आदर्श ग्राम योजना विषय पर वेबिनार शुरू
- कहा, मूलभूत सुविधाओं के अभाव में करते हैं पलायन

उन्नत भारत अभियान के तहत आईआईटी रुड़की में आदर्श ग्राम योजना विषय पर चार दिवसीय वेबिनार की शुरुआत हुई।

आईआईटी रुड़की के उप निदेशक प्रो. एम परिदा ने बताया कि पंचायतीराज मंत्रालय की ओर से आईआईटी रुड़की को दो गांवों के विकास के लिए योजना तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके लिए प्रो. उत्तम कुमार और प्रो. शुभजीत के नेतृत्व में कार्ययोजना बनाने का निर्णय लिया गया है। उद्घाटन सत्र में जेएम नमामि बंसल ने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने से युवा शहरों की तरफ पलायन को मजबूर होते हैं। गांवों में मूलभूत सुविधाओं का विकास हो जाए तो न सिर्फ युवाओं का पलायन रुकेगा बल्कि गांव में आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज संस्थान के निदेशक प्रो. आरएम पंत ने कहा कि लोगों के जीवन में परिवर्तन के बिना समग्र विकास कैसे होगा। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर उन्नत भारत अभियान लगातार अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। गांवों के विकास का खाका बनाने का काम ऊपर से नहीं बल्कि गांवों से शुरू होगा। उद्घाटन सत्र के अंत में प्रो. आशीष पाण्डेय के अलावा वेबिनार में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड सहित उन्नत भारत अभियान के समन्वयकों, सरपंचों, किसानों, जागरूक ग्रामीणों ने ऑनलाइन भाग लिया।